# पूर्वोदय

**अंक : जनवरी-मार्च 2018**



**पूर्व रेलवे, प्रधान कार्यालय की त्रैमासिक हिन्दी ई-पत्रिका**

## इरिमी वार्षिक दिवस के अवसर पर अध्यक्ष / रेलवे बोर्ड, महाप्रबंधक / पूर्व रेलवे एवं अन्य अधिकारियों का जमालपुर दौरा (14.02.2018)


























# हमारी गतिविधियाँ

- **गणतंत्र दिवस -** 69 वां गणतंत्र दिवस दिनांक 26.01.2018 को पूरे पूर्व रेलवे में पूरी तन्मयता के साथ उत्साहपूर्वक मनाया गया। प्रधान कार्यालय, मंडलों, कारखानों एवं फील्ड इकाइयों में काफी संख्या में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने समारोह में भाग लिया। सुरक्षा सुनिश्चित करने में योगदान देने वाले एवं अपने असाधारण प्रयास द्वारा दुर्घटनाओं की रोकथाम करने वाले सभी कर्मचारियों का उत्साहवर्द्धन किया गया। इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर खेल दिखाने वाले प्रतिभावान खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया गया।
- **शहीद दिवस -** दिनांक 30.01.2018 को शहीद दिवस मनाया गया। इस अवसर पर दो मिनट का मौन रखकर उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गई।
- **परियोजना 'सक्षम' -** तिमाही के दौरान मुख्य कार्यालय अधीक्षकों/कार्यालय अधीक्षकों एवं वरिष्ठ/कनिष्ठ लिपिकों के लिए स्थापना संबंधी मामले पर सेवा प्रशिक्षण आयोजित किया गया।
- **बजटीय विनिधान संबंधी प्रेस सम्मेलन -** केंद्रीय बजट 2018-19 में पूर्व रेलवे के लिए रेलवे भाग एवं बजटीय विनिधान पर दिनांक 07.02.2018 को फेयरली प्लेस स्थित पूर्व रेलवे मुख्यालय में प्रेस सम्मेलन आयोजित किया गया।
- **सेवा पुस्तिकाओं का डिजिटलीकरण -** फरवरी 2018 में प्रधान कार्यालय के कर्मचारियों की सेवा पुस्तिकाओं का डिजिटलीकरण कार्य प्रारंभ किया गया।
- **पदों का अभ्यर्पण -** चालू तिमाही के दौरान कुल 1601 पद अभ्यर्पित किए गए।
- **रेलवे भूमि के वाणिज्यिक उपयोग से आय -** तिमाही के दौरान रेलवे के अधिकार क्षेत्र में बेकार पड़ी भूमि के वाणिज्यिक उपयोग के माध्यम से 11.37 करोड़ रु. की आय अर्जित की गयी।
- **कोचों का आवर्धन -** तिमाही के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए वर्तमान गाड़ियों में 789 अतिरिक्त कोच जोड़े गए।
- **गाड़ियों का विस्तार -** हावड़ा एवं तारकेश्वर के बीच चलने वाली ईएमयू सेवा का दिनांक 18.02.2018 से आरामबाग तक विस्तार किया गया।

**नई गाड़ियां/गाड़ियों का विस्तार -**

- **गाड़ी सं.73467/73463 जमालपुर-खगड़िया डीईएमयू पैसेंजर** को मुंगेर और सब्दालपुर स्टेशनों के बीच गंगा नदी पर नवनिर्मित पुल होकर चलाने का शुभारम्भ किया गया।
- **गाड़ी सं.13163/13164 सियालदह-सहरसा हाटे बाजार एक्सप्रेस (द्वि-साप्ताहिक) का मार्ग परिवर्तन-** गाड़ी सं. 13163/13164 (सियालदह-सहरसा हाटे बाजार एक्स.) को सप्ताह में 2 दिन मार्ग में परिवर्तन कर पूर्णिया होकर चलाया जा रहा है और उसे 13169/13170 के रूप में पुनर्संख्यांकित किया गया।

**विद्युत**

- **नई आईजीबीटी आधारित लोको का प्रारम्भ किया जाना -** तिमाही के दौरान तीन नए लोको सं. 30621 डब्ल्यूएपी-7, 30629 डब्ल्यू एपी-7 एवं 30640 डब्ल्यूएपी-7(होटल लोड कन्वर्टर सहित आईजीबीटी आधारित) को प्रारम्भ किया गया।
- **ऊर्जा संरक्षण -** तिमाही के दौरान पूर्व रेलवे के कुल 81 स्टेशनों (हावड़ा-38, आसनसोल-30, सियालदह-12, मालदा-01) पर एलईडी प्रकाश की व्यवस्था की गई।

**सुरक्षा**

- तिमाही के दौरान कुल 174 नाबालिग बच्चों को बचाया गया जिनमें 58 लड़कियां थीं। इन्हें संबंधित प्राधिकारियों को सौंप दिया गया।
- रेल अधिनियम, 2003 की विभिन्न धाराओं के तहत 11,017 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया।

- एसीपी में 269, बूम डैशिंग में 50 एवं सिगनल गियर से छेड़छाड़ के मामले में 11 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया।
- हावड़ा, सियालदह एवं आसनसोल मंडलों के रेल परिसरों से 244 अनधिकृत निर्माण को हटाया गया ।

### सिविल इंजीनियरी

तिमाही के दौरान निम्नलिखित ट्रैक संबंधी कार्य पूरे किए गए :

- 86.992 सीटीआर यूनिट ट्रैक नवीकरण का कार्य पूरा किया गया।
- 33 सेट पॉइंटों एवं क्रॉसिंगों को एफएसएलओ में परिवर्तित किया गया तथा 1 डायमंड क्रॉसिंग का नवीकरण किया गया।
- 130.33 किलोमीटर गहरी जांच की गई और 56,571 घन मीटर मिट्टी भराई का कार्य पूरा किया गया।
- 4223.60 कि.मी. यूएसएफडी परीक्षण और 94.57 कि.मी. टीएफआर कार्य पूरा किया गया।
- सियालदह मंडल के अंतर्गत क्षयग्रस्तह एवं पहिए के घूर्णन से घिसी कुल 2.552 कि.मी. पटरी को ट्रैक से अलग कर बदला गया।

### अन्य उपलब्धियाँ

तिमाही के दौरान यात्री सुख-सुविधा संबंधी निम्नलिखित कार्य पूरे किए गए :

- सियालदह मंडल में 11 पैदल ऊपरी पुल की मरम्मत की गई एवं हावड़ा मंडल के कमारकुंडू स्टेशन पर एवं सियालदह मंडल के कृष्णनगर सिटी स्टेशन पर 1-1 पैदल उपरी पुल का कार्य पूरा किया गया।
- हावड़ा मंडल के अंतर्गत अन्य 2 नए पैदल उपरी पुल गनकर एवं आजिमगंज सिटी स्टेशनों पर चालू किए गए।
- हावड़ा मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर 21 स्टेशन भवनों का जीर्णोद्धार किया गया।
- तिमाही के दौरान सियालदह मंडल में 13 प्लेटफार्म शेडों की व्यवस्था की गई एवं 18 प्लेटॉफार्म शेडों की मरम्मत की गई।
- सियालदह मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर 21 मूत्रालय एवं शौचालय उपलब्ध कराए गए तथा हावड़ा, सियालदह और मालदा मंडल में एक-एक गहरा नलकूप लगाया गया ।

### कर्मचारी सुख-सुविधाएँ :

- सियालदह मंडल के अंतर्गत कर्मचारी आवास में पानी रिसाव वाली 20,905 वर्ग मीटर छत की मरम्मित की गई।
- सियालदह मंडल स्थित रेलवे कॉलोनी में जल निकास को ध्यान में रखते हुए 392 मीटर नालियाँ बनाई गईं।

## राजभाषा संबंधी गतिविधियाँ

### डेस्क प्रशिक्षण

- तिमाही के दौरान मुख्यालय स्थित बिजली, संरक्षा एवं चिकित्सा विभागों के कार्मिकों को फाइलों पर विषय के साथ-साथ छोटी-छोटी टिप्पणियाँ हिंदी में लिखने का अभ्यास कराया गया।
- चालू तिमाही के दौरान जमालपुर कारखाना के प्रशासनिक एवं शॉप कार्यालयों के 49 कार्मिको को हिंदी डेस्क प्रशिक्षण दिया गया।

### हिंदी कार्यशाला

- आसनसोल मंडल में कर्मचारियों के लाभार्थ दिनांक 31.01.2018 से 06.02.2018 तक 05 कार्य दिवसीय हिंदी कार्यशाला एवं दिनांक 22.02.2018 और 23.02.2018 को 02 दिवसीय हिंदी डिक्टेशन कार्यशाला का आयोजन किया गया।

### निरीक्षण

- 05.02.2018 को जमालपुर कारखाना के राजभाषा



विभाग द्वारा कारखाना के शॉप एवं प्रशासनिक कार्यालयों का राजभाषा विषयक गहन निरीक्षण किया



गया एवं इस दौरान पाई गई हिन्दी संबंधी कमियों/त्रुटियों को सुधारा गया।

- सियालदह मंडल के राजभाषा विभाग के कार्मिकों द्वारा कार्यालय के दो अनुभागों वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (कचस्टा) एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक में किए जा रहे कार्यों का जायजा लिया गया और हिंदी का प्रयोग बढ़ाने के लिए सहायक सामग्री दी गई।
- जमालपुर कारखाना के राजभाषा विभाग द्वारा कारखाना क्षेत्र के अंतर्गत प्रदर्शन सामग्री का निरीक्षण किया गया एवं जहाँ कहीं भी वर्तनी या शब्दों के प्रयोग में कमी पाई गई उसके सुधार हेतु कार्रवाई की गई।

**राजभाषा कार्यान्वयन समिति/हिंदी कार्य-समीक्षा बैठक :**

- आसनसोल मंडल में मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक दिनांक 11.01.2018 को सम्पन्न हुई।
- मुख्यालय के परिचालन विभाग में दिनांक 23.02.2018 को उप मुख्य परिचालन प्रबंधक (एफओआईएस) की अध्यक्षता में विभागीय हिंदी कार्य-समीक्षा बैठक आयोजित की गई,जिसमें सभी सहायक एवं वरिष्ठ परिवहन प्रबंधक एवं राजभाषा विभाग से एक वरिष्ठ अनुवादक उपस्थित हुए। इस बैठक में विभाग में हिन्दी के प्रयोग की स्थिति की समीक्षा की गई एवं कार्यालयी कार्यों में हिन्दी का प्रयोग बढ़ाने की दिशा में प्रभावी कदम उठाने के अनेक निर्णय लिए गए।

**प्रतियोगिता**

- पूर्व रेलवे मुख्यालय में दिनांक 15.03.2018 को मुख्यालय के कार्मिकों के लिए हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कुल 22 कार्मिकों ने भाग लिया। उनमें से प्रथम 03 को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार; अगले 03 को प्रेरणा पुरस्कार तथा शेष सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागी पुरस्कार प्रदान किए गए।

**पत्रिका**

- मालदा मंडल द्वारा माह के दौरान अपनी मासिक हिन्दी गृह पत्रिका 'बढ़ते कदम' के नवीनतम अंक का प्रकाशन किया गया।

**स्थिति पत्रक**

- सरकारी आश्वासनों पर समिति / राज्य सभा के दिनांक 25.01.2018 को पूर्व रेलवे में दौरा कार्यक्रम के दौरान आयोजित बैठक में प्रस्तुत किए जाने वाले पूर्व रेलवे के स्थिति पत्रक को मुख्यालय के राजभाषा विभाग द्वारा द्विभाषी रूप में तैयार किया गया।



- 18.02.2018 को पूर्व रेलवे में लोक लेखा समिति के आगमन पर आयोजित बैठक में समिति के समक्ष प्रस्तुत



किए जाने वाले इस रेलवे के स्थिति पत्रक को मुख्यालय के राजभाषा विभाग द्वारा द्विभाषी रूप में तैयार किया गया।

### विभागीय परीक्षा

- तिमाही के दौरान मुख्यालय के विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित 06 विभागीय पदोन्नति परीक्षाओं के अंग्रेजी प्रश्न-पत्रों का हिंदी अनुवाद उपलब्ध कराया गया।

### अन्य

- तिमाही के दौरान हावड़ा मंडल के राजभाषा विभाग ने सिगनल एवं दूरसंचार विभाग से प्राप्त लगभग 170 साइन बोर्डो पर स्टेशनों पर कार्यरत कर्मचारियों के नाम एवं विवरण द्विभाषी रूप में तैयार किया। इसी अवधि में बिजली (परिचालन) विभाग के लोको पायलट/मोटर मैन को जारी किए जाने वाले तकनीकी परामर्श संबंधी 42 परिपत्रों का भी हिन्दी में अनुवाद किया गया।
- सियालदह मंडल के राजभाषा विभाग द्वारा माह के दौरान मंडल से जारी होने वाले कुल 04 संरक्षा परिपत्रों का हिन्दी में अनुवाद किया गया। साथ ही, गोचरण, जयनगर, मजिलपुर, नामखाना, लक्ष्मीकांतपुर एवं सोनारपुर स्टेशनों के स्टेशन संचालन नियम पुस्तिकाओं का हिंदी में अनुवाद कार्य पूरा किया गया।
- जमालपुर कारखाना स्थित राजभाषा विभाग के कर्मचारियों ने इस माह शॉप कार्यालयों एवं संयुक्त भवन स्थित प्रशासनिक कार्यालयों के कार्मिकों से सम्पर्क कर उनके कार्यालयों में राजभाषा हिंदी में किए जा रहे कार्यों एवं तत्संबंधी भावी कार्यक्रमों की समीक्षा की।
- जमालपुर कारखाना के राजभाषा विभाग द्वारा दिनांक 22.01.2018 को वसंत उत्सव एवं काव्य जगत के प्रतिष्ठित कवि महाप्राण पंडित सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की जयंती मनाई गई।
- तिमाही कांचरापाड़ा कारखाना में पीओएच के लिए आने वाली 14 बिजली गाड़ियों के डिब्बों पर 'हिंदी हैं हम, वतन है हिन्दोस्तां हमारा' लिखा गया।
- हावड़ा मंडल के राजभाषा विभाग द्वारा माह के दौरान बिजली (परिचालन) विभाग के अधीन लोको पायलटों/मोटरमैनों के लिए तकनीकी परामर्श से संबंधित 12 परिपत्रों का हिन्दी में अनुवाद किया गया।
- सियालदह मंडल के राजभाषा विभाग द्वारा माह के दौरान मंडल से जारी होने वाले कुल 07 संरक्षा परिपत्रों एवं 02 फाटक संचालन नियम पुस्तिकाओं का हिंदी में अनुवाद किया गया।





**महाप्रबंधक द्वारा दिनांक 29.01.2018 को सियालदह मंडल के लक्ष्मीकांतपुर एवं नामखाना के निरीक्षण का दृश्य।**


**संरक्षक**
*हरीन्द्र राव*
**महाप्रबंधक**

**प्रधान संपादक**
*ओम प्रकाश*
**मुख्य राजभाषा अधिकारी**
**एवं**
**प्रधान वित्त सलाहकार**

**संपादक**
*डॉ. वरुण कुमार*
**उप महाप्रबंधक (राजभाषा)**

'पूर्वोदय' का नेट संस्करण
www.er.indianrailways.gov.in
पर उपलब्ध है।

# जौहर

एम.पी.मेहता
प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक

आओ सुनायें तुम्हें एक कहानी
बात है ये सैकड़ों वर्ष पुरानी।
एक था राजा एक थी रानी,
बड़ी दिलचस्प है उसकी प्रेम कहानी।
बड़ी ख़ूबसूरत थी उसकी रानी
फैल गयी दूर दूर तक
उसकी सुंदरता की कहानी।
गलियों और चौक चौराहों पर
राजमहल से झोपड़ी तक
होने लगी चर्चा सभी जगहों पर
रानी की ख़ूबसूरती की कहानी।
राजा भी था दीवाना
अपनी रानी के हुस्न का।
सोते-जागते उठते-बैठते
हर घड़ी और हर पल
निहारता रहता उसकी सूरत
मानो प्यार में हो गया पागल।
रानी की मदमस्त अदा
करती थी सबको फ़िदा।
काली ज़ुल्फ़ें गोरा चेहरा
काले बादल के बीच चाँद का टुकड़ा।
होठों की लाली जैसे मदिरा की प्याली
नशीली आँखें मानों नंगी तलवारें।
मटक-मटक कर यूँ चलना
पतली कमर को यूँ हिलाना
पैरों में पायल का यूँ खनकना
बना दिया राजा को उसका दीवाना।
उसकी हर मुस्कान पर
लुटाने लगा अपना ख़ज़ाना।
हर शाम महफ़िल सजने लगी
संगीत का समा बँधने लगा
सुरा और संगीत का संगम होने लगा
प्याली में जाम छलकने लगा ।
सुर और ताल पर पैर थिरकने लगे
महलों से घुँघरू की आवाज़ आने लगे।
सुरा और संगीत के समंदर में
क्या राजा और क्या राजदरबारी
क्या मंत्री और क्या अधिकारी
हर कोई उसमें डुबकी लगाने लगे।
राजदरबार की ये बातें
लाँघने लगी सरहद की सीमाएं।
राजमहल की ये दास्तान
जान गए पड़ोसी देश के सुल्तान।
रानी को पाने का लालच
उसके मन में रोज़ आने लगा
राजा को पराजित करने की चाहत
उसको रात दिन सताने लगी।
काफ़िर को मिटाने की सारी
तैयारी कर ली उसने पूरी।
चल पड़ा लेकर एक रात
हज़ारों हथियारबंद सैनिक अपने साथ।
रात के अंधेरे में ही अचानक
राजमहल पर हमला उसने कर दिया।
रानी की आग़ोश में सोए राजा को
समहलने का एक भी मौक़ा ना दिया।
बेमौत मारे गये सब सैनिक
जो थे राजमहल की पहरेदारी में।
अंधाधुँध क़त्लेम किया उसने
ख़ून की होली ख़ूब खेली उसने।
किसी को नहीं बख़्शा उसने
राजा को भी बंदी बना लिया उसने।
राजमहल पर क़ब्ज़ा कर लिया
ख़ज़ाना को पूरी तरह लूट लिया।
पर लूट न सका रानियों की इज्ज़त
कर न सका नारियों को बेइज्जत।
रजमहल की सभी औरतों ने
जौहर का रस्म अदा किया
आग की जलती लपटों में
ख़ुद को जलाकर भस्म किया।
देखकर रानियों की जलती चिंताएँ
सुल्तान हुआ बहुत हैरान।
लूट का माल लेकर वह
अपने देश को रवाना हुआ।
मर गया राजा, मर गयी रानी
पर मिट न सकी उनकी प्रेम कहानी।
अमर प्रेम की उनकी गाथाएँ
आज भी गाती हैं वहाँ की महिलायें।
एक था राजा एक थी रानी
बड़ी दिलचस्प है उनकी प्रेम कहानी।

## चित्र दीर्घा

**पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन द्वारा आयोजित सम्मान समारोह का दृश्य (08.03.2018)**






**पूर्व रेलवे प्रधान कार्यालय द्वारा आयोजित हिन्दी कविता पाठ प्रतियोगिता की झलकियाँ (15.03.2018)**

















